

# श्री विजय रंजन सिंह

अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक,
एसपीएमसीआईएल

श्री विजय रंजन सिंह 1996 बैच के एक प्रतिष्ठित भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं, जिन्हें भारत सरकार में विभिन्न भूमिकाओं में काम करने का 27 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। इससे पहले उन्होंने कर्नाटक वन विभाग, ज़िला पंचायत, कर्नाटक चिड़ियाघर प्राधिकरण (एक स्वायत्त निकाय) में कार्य किया है। साथ ही उन्होंने रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय (एमसी एंड एफ़) के उर्वरक विभाग में नीति अनुभाग के निदेशक के पद पर तथा भारत सरकार के केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री एवं केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में कर्नाटक सरकार के प्रतिनिधि के रूप में विशेष आवासीय आयुक्त तथा कर्नाटक वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) (सतर्कता) के रूप में भी कार्यरत रहे। एक प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में भी, उनकी प्रतिभा तब सामने आई, जब उन्होंने अपना प्रशिक्षण डिस्टिंक्शन के साथ पूर्ण किया तथा 'जन एवं जंगल' विषय में स्वर्ण पदक जीता।

अपने विस्तृत अनुभव द्वारा उन्हें आम लोगों से जुड़े मामलों की गहरी समझ है, विशेषकर उन लोगों के बारे में जो वनों या उसके आस-पास के क्षेत्रों में निवास करते हैं। लोक सेवा के सच्चे उद्देश्य के साथ वे विभिन्न क्षेत्रों की गहरी समझ रखते हैं, जिनमें संरक्षित क्षेत्रों से जनजातियों का पुनर्वास, भारत में वनों एवं वन्यजीवों के प्रबंधन की चुनौतियाँ, अभिशासन की प्रक्रिया, अंतर-शासकीय नियोजन, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों के साथ निर्णय लेने की प्रक्रिया आदि शामिल हैं। उर्वरक विभाग में भारत सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों, जैसे यूरिया क्षेत्रक में नई निवेश नीति-2013, नई यूरिया नीति-2015, यूरिया की 100% नीम की परत, तथा एफसीआईएल एवं एचएफसीएल जैसी बंद इकाइयों की पुनः शुरुआत करके यूरिया उत्पादन में आत्म-निर्भरता जैसे कदमों में निदेशक (नीति) की भूमिका में इनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में विभिन्न सीपीएसई जैसे एफसीआई, बीवीएफसीएल, आदि में वह सरकार द्वारा नामित निदेशक भी रहे हैं।

श्री सिंह को महत्वपूर्ण पहचान तब मिली जब इन्होंने, सामान्य लोगों एवं देश अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने वाले रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तीन प्रमुख विभागों, रसायन एवं पेट्रो-रसायन विभाग, उर्वरक विभाग तथा औषध विभाग का अभूतपूर्व समन्वय किया। नई दिल्ली में कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेष आवासीय आयुक्त के रूप में कोविड-19 महामारी के दौरान लॉकडाउन प्रवासियों तथा चिकित्सा संबंधी समस्याओं का समाधान करने में उनकी अहम भूमिका के लिए चारों ओर से अत्यधिक सराहना की गई।

श्री विजय रंजन सिंह जी को उनकी मज़बूत संगठनात्मक एवं संप्रेषण क्षमताओं, उत्कृष्ट समस्या समाधान एवं विश्लेषण कौशल तथा समय प्रबंधन कौशल के लिए अपने सहकर्मियों एवं वरिष्ठ कर्मियों द्वारा जाना एवं सराहा जाता है। उनके पास गतिशील परिवेश में बहु-कार्य करने, नई पहलों के सहज कार्यान्वयन के लिए विभिन्न स्तरों पर नौकरशाही के साथ संवाद, तथा नीति-निर्माण, हितधारकों की भागीदारी, प्रक्रियाओं एवं उनके कार्यान्वयन की सूक्ष्मताओं तक जाने की क्षमता है।

श्री विजय रंजन सिंह वन्यजीव फोटोग्राफी के शौकीन हैं तथा उन्होंने अनेक अद्भुत तस्वीरें भी खींची हैं। फोटोग्राफी के विविध अवसरों की खोज में उनको यात्रा करना भी बेहद पसंद है। वह सदा नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक रहते हैं तथा उन्हें नई भाषाएँ सीखने का भी बहुत शौक है। श्री विजय रंजन सिंह जी को 27 सितंबर, 2023 से आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें एसपीएमसीआईएल और बीआरबीएनएमपीएल के मध्य 50:50 के संयुक्त उद्यम, बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में भी नियुक्त किया गया है।

*******